पेपर संख्या–01

# सामान्य अध्ययन – I (2025)

1 -भारत में पिछले पांँच वर्षों में खरीफ फसलों की खेती के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1 -चावल की खेती का क्षेत्रफल सबसे अधिक है।
2 -ज्वार की खेती के तहत क्षेत्रफल तिलहन की तुलना में अधिक है।
3 -कपास की खेती का क्षेत्रफल गन्ने के क्षेत्रफल से अधिक है।
4 -गन्ने की खेती के क्षेत्रफल में लगातार कमी आई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

2 -पीएम-प्रणाम योजना:जो केंद्र सरकार द्वारा 2023-24 में प्रारम्भ की गई थी के प्रमुख उद्देश्य है -

1 -जैव उर्वरकों और जैविक उर्वरकों के साथ उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करना।
2 -रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी का बोझ कम करना।
3 -धरती की उर्वरता को पुनर्स्थापित और पोषित करना।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) केवल तीन विकल्प
(d) कोई नहीं

3 -व्यास सम्मान के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -के के बिड़ला फाउंडेशन के द्वारा यह सम्मान किसी भी भाषा साहित्य के लिए दिया जाता है।
2 -इस सम्मान के लिए 10 लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है।
3 -2024 के लिए 34वा व्यास सम्मान सूर्यबाला को उनके उपन्यास कौन देस को वासी वेणु की डायरी के लिए दिया गया है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) केवल तीन विकल्प
(d) कोई नहीं

4 -आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम विधेयक 2024 में कौन -कौन प्रावधान है -

1 -राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) को आपदा योजना बनाने का अधिकार दिया जाएगा ।

2 -विधेयक की धारा 60ए के तहत केंद्र और राज्यों को किसी व्यक्ति को आपदा के प्रभाव को कम करने के लिए कोई कार्रवाई करने या कोई कार्रवाई से परहेज करने का निर्देश देने और 10000 रुपए से

अधिक का जुर्माना लगाने का अधिकार भी है।

3 -इस विधेयक में राजधानियों और बड़े शहरों में शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूडीएमए) बनाए जाने का प्रस्ताव है विधेयक राज्य सरकार को राज्य की राजधानियों और नगर निगम वाले शहरों के लिए एक अलग शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बनाने का अधिकार देता है।

4 -अधिनियम में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के गठन का प्रावधान है। इसके वर्तमान अध्यक्ष गियानी इन्फेनटिनो हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

5 -निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1 -2030 का 24 वा फ़ीफा विश्व कफ तीन महाद्वीपों के छह देशों  मोरक्को, स्पेन, पुर्तगाल, उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे में आयोजित किया जायेगा।

2 -2034 का 25 वा फ़ीफा विश्व कफ सऊदी अरब में आयोजित किया जायेगा।

3 - 23 वा फीफा विश्वकप 2026 के लिये अमेरिका,कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जायेगा।

4 -1904 में फीफा की स्थापना पेरिस में हुई थी इसका मुख्यालय ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड में है इसके वर्तमान अध्यक्ष गियानी इन्फेनटिनो हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

लक्ष्य IAS

6 - 2024 के विश्व शतरंज चैंपियनशिप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1 -भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीती है।

2 -गुकेश ने गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड को तोड़ते हुए सबसे कम उम्र में यह ख़िताब जीता है।

3 -गुकेश भारत के पहले ग्रैंडमास्टर है जिन्होंने यह ख़िताब जीता है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) केवल तीन विकल्प
(d) कोई नही

7- चाय बोर्ड के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -भारतीय चाय बोर्ड (TBI) भारत सरकार का एक वैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना चाय अधिनियम, 1953 के तहत हुई थी।

2 -इसका मुख्यालय कोलकाता में है।

3 -इसके कार्यालय मास्को और दुबई में है।

4 -यह वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

8-निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।
2 -हल्दी के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं।
3 -हल्दी के विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है।
4 -2023 में स्थापित राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड एक वैधानिक निकाय है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) केवल तीन विकल्प
(d) चारो सही है

10 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 - कॉफी बोर्ड एक वैधानिक निकाय है।
2 - इसका मुख्यालय बंगलूरू में है।
3 -यह वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है।
4 -भारत में अरेबिका और रोबस्टा दो प्रकार की कॉफी का उत्पादन होता है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) केवल तीन विकल्प
(d) चारो सही है

11- भारत के किस खिलाडी ने अपनी आत्मकथा **आई हैव द स्ट्रीट्स : अ कुट्टी क्रिकेट स्टोरी** नाम से लिखी है -

(a) अनिल कुंबले
(b) कपिलदेव
(c) रविचंद्रन अश्विन
(d) विराट कोहली

12 -एलीफेंटा द्वीप के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -यह द्वीप ज्वालामुखीय चट्टान से बना है।
2 -प्राचीन समय में यह घारापुरी के नाम से जाना जाता था।
3 -यह भारत के पूर्वी तट पर स्थित है।
4 -शेंटबंदर, मोरबंदर और राजबंदर यहाँ की प्रमुख बस्तियाँ है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) केवल तीन विकल्प
(d) चारों सही है

13 -भारत में एफडीआई प्रवाह में प्रमुख योगदानकर्ता देशो का सही क्रम है -

(a) मॉरीशस, यूएसए, सिंगापुर, नीदरलैंड
(b) यूएसए, सिंगापुर, नीदरलैंड, मॉरीशस
(c) सिंगापुर, मॉरीशस, यूएसए, नीदरलैंड
(d) यूएसए, मॉरीशस, सिंगापुर, नीदरलैंड

लक्ष्य IAS
Keeping its promise of excellence

14 -भारत में सबसे अधिक एफडीआई इक्विटी प्रवाह आकर्षित करने वाले क्षेत्र है -

(a) सेवा क्षेत्र ,कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर ,व्यापार ,निर्माण (बुनियादी ढांचा गतिविधियाँ) ।

(b) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, निर्माण (बुनियादी ढांचा गतिविधियाँ) ,सेवा क्षेत्र ,व्यापार।

(c) निर्माण (बुनियादी ढांचा गतिविधियाँ), सेवा क्षेत्र ,व्यापार , कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर।

(d) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, सेवा क्षेत्र ,निर्माण (बुनियादी ढांचा गतिविधियाँ) ,व्यापार।

15 -भारत में सर्वाधिक एफडीआई इक्विटी प्रवाह आकर्षित करने वाले राज्य है -

(a) महाराष्ट्र, गुजरात ,कर्नाटक ,दिल्ली

(b) गुजरात ,कर्नाटक ,महाराष्ट्र ,दिल्ली

(c) कर्नाटक , महाराष्ट्र, गुजरात ,दिल्ली

(d) गुजरात ,कर्नाटक ,दिल्ली,महाराष्ट्र

16 - निम्न कथनो पमें सिंगार विचार करो -

1 -आसियान देशों पुर भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है।

2 -भारत के कुल व्यापार का कम से कम 55% माल साउथ चाइना सी से गुज़रता है।

3 -सिंगापुर का सेमीकंडक्टर सेक्टर बहुत एडवांस है.सिंगापुर की मदद से भारत मैनुफैक्चरिंग ईकोसिस्टम बनाना चाहता है।

4 -सिंगापुर पहला देश है जिसके साथ भारत ने सीमा-पार व्यक्ति-से-व्यक्ति (P2P) भुगतान सुविधा शुरू की है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) केवल तीन विकल्प

(d) चारों सही है

17 चुनाव संचालन नियम 1961 में संशोधन से संबंधित निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -अब चुनाव से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और सीसीटीवी फ़ुटेज सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं रहेगी।

2 - उम्मीदवारों के लिए फॉर्म 17-सी जैसे दस्तावेज़ उपलब्ध रहेंगे।

3 - इन नियमो में संशोधन निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए है।

4 - 1जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम (Representation of the People Act-RPA), 1951 की धारा 77 के तहत प्रत्येक उम्मीदवार को नामांकन की तिथि से लेकर परिणाम घोषित होने की तिथि तक किये गए सभी व्यय का एक अलग और सही खाता रखना होता है।

5 -उम्मीदवार द्वारा सीमा से अधिक व्यय या खाते का गलत विवरण प्रस्तुत करने पर RPA, 1951 की धारा 10 के तहत ECI द्वारा उसे तीन साल के लिये अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

6 -लोकसभा उम्मीदवारों के लिये खर्च की सीमा 70 लाख, 95 लाख रुपए विधानसभा क्षेत्रों के लिये 28 लाख-40 लाख रुपए (राज्यों के आधार पर) कर दी गई

उपरोक्त में से सही है -

(a) 1 ,2 ,3

(b) 1 ,२,4 ,5 ,6

(c) 1 ,2 ,6

(d) सभी सही है

18 -जी एस टी परिषद के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -यह एक सांविधिक निकाय है।

2 -इसका अध्यक्ष राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।

3 - जी एस टी परिषद के कामकाज में सहकारी संघवाद की धारणा को बल मिला है।

4 -जीएसटी प्रणाली में, यदि किसी व्यक्ति का वित्तीय वर्ष में कुल राजस्व 20 लाख से कम है, तो उसे पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है।

5 -जी एस टी परिषद में कोरम 1/10 जरूरी है जबकि प्रत्येक निर्णय के लिए 2/3 बहुमत जरूरी है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) 1 ,2 ,3

(b) 1 ,२,4 ,5

(c) 3 ,4

(d) सभी सही है

19 -जी एस टी परिषद की 55 वी बैठक में लिए गए निर्णय में कौन -कौन से सही है -

1 -पुरानी कारों और इलेक्ट्रिक वाहनों पर कर की दर 18 प्रतिशत।

2 -जीन थरेपी पर 18 प्रतिशत कर।

3 -वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने वालो को दंडात्मक शुल्क पर 18 प्रतिशत क़र।

4 –ए.टी.फ. को जी एस टी के दायरे में लाया जाना।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) केवल तीन विकल्प

(d) चारों सही है

20 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 - केंद्र सरकार ने 2030 तक टी बी उन्मूलन लक्ष्य निर्धारित किया है।

2 -100 दिवसीय टी बी उन्मूलन अभियान का उद्देश्य टीबी के मामलों की पहचान में सुधार, निदान में देरी को कम करना और विशेष रूप से कमज़ोर आबादी के लिए उपचार के परिणामों को बढ़ाकर टीबी के खिलाफ़ लड़ाई को तेज़ करना है।

3 -100 दिवसीय टी.बी. उन्मूलन अभियान देश के कुछ राज्यों में चलाया जा रहा है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) केवल तीन विकल्प

(d) कोई नहीं

21 -राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना (NEMMP) के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -इसका उद्देश्य देश में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय ईंधन सुरक्षा हासिल करना है।

2 -इसका उद्देश्य पर्यावरण पर वाहनों के प्रतिकूल प्रभाव को कम करना।

3 -इसका उद्देश्य ऑटोमोबाइल क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण क्षमताओं में वृद्धि।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) केवल तीन विकल्प

(d) कोई नहीं

22 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे हैं।

2 -1977 से 1979 तक प्रधानमंत्री मोराजी देसाई के मंत्रिमंडल में भारत के विदेश मंत्री के रूप में भी काम किया।

Keeping its promise of excellence

3 -ये पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने बतौर PM कार्यकाल पूरा किया।
4 -मेरी इक्यावन कविताएँ अटल बिहारी वाजपेयी का बहुचर्चित काव्य-संग्रह है।
5 -इन्हे मरणोपरांत देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

उपरोक्त में से सही है -

(a) 1,2 ,3,4
(b) 1,2,4 ,5
(c) 3, 4
(d) सभी सही है

23 - 2024 में कान फ़िल्म फ़ेस्टिवल में कौन सी यथार्थवादी फिल्म को दिखाया गया है जिसे 48 साल पहले पांच लाख किसानों ने मिलकर फ़ाइनेंस किया था -

(a) अंकुर
(b) 'निशांत
(c) मंथन
(d) कलयुग

24 -**<u>केन बेतवा नदी लिंक परियोजना</u>** के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -यह देश की पहली नदी जोड़ने की परियोजना है। इससे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

2 -यह परियोजना क्षेत्र के लोगों को पेयजल सुविधाएं भी प्रदान करेगी। साथ ही,इससे 100 मेगावाट से अधिक हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा।

3 -पर्यावरण की दृष्टि से इस परियोजना का सबसे बुरा असर मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व पर पड़ेगा।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) केवल तीन विकल्प
(d) कोई नहीं

लक्ष्य IAS
Keeping its promise of excellence

25 -निम्नकथनोपर विचार करो -
1 -कपास मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय फसल है।
2 -इसके लिए तापमान 21 डिग्री सेल्सियस से 30 डिग्री सेल्सियस की आवश्यकता होती है।
3 -इसका पौधा 50-100 सेमी की औसत वार्षिक वर्षा सीमा के भीतर अच्छी तरह से बढ़ता है।
4 -कपास रबी की फसल है।
5 -महाराष्ट्र में कपास का उत्पादन भारत के कुल उत्पादन का लगभग 30% होता है।

26 -**स्वामित्व योजना** के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो –
1 -24 अप्रैल 2020 को शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य ड्रोन और जीआईएस तकनीक का उपयोग करके ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को **"अधिकारों का रिकॉर्ड"** प्रदान करना है।
2 -इस योजना के तहत सभी लाभार्थियों को मार्च 2026 तक कार्ड उपलब्ध करा दिए जायेगे।
3 -यह योजना पंचायती राज मंत्रालय के अंतर्गत संचालित की जा रही है।
4 -स्वामित्व योजना दिल्ली में लागू नहीं की जा रही है क्योंकि दिल्ली में कोई ग्रामीण स्थानीय निकाय नहीं हैं।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो विकल्प

27 -हाल ही में अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया है -

(a) गिद्ध

(b) बाल्ड ईगल

(c) सारस

(d) कबूतर

28 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -विश्व बैंक के अनुसार निम्न मध्यवर्गीय आय वाले देशो से अभिप्राय है जहाँ प्रति व्यक्ति आय 700 से 1000 डालर के मध्य हो।

2 -विश्व बैंक के अनुसार निम्न मध्यवर्गीय आय वाले देशो पर बहारी वित्तीय ऋण भार 55 %की दर से बढ़ा है।

3 -इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था में बहारी वित्तीय ऋण 646 अरब डालर है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प

(d) कोई सही नहीं

29 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -नासा के द्वारा 2018 में सूर्य की सतह का अध्ययन करने के लिए पार्कर सोलर प्रोब नामक यान प्रेक्षपित किया था।

2 -25 दिसंबर 2024 को सूर्य के सबसे नजदीक (सतह से 61 लाख किलोमीटर दूर से) गुजरकर इतिहास रच दिया है।

3 -पार्कर सोलर प्रोब 980 डिग्री सेल्सियस के तापमान को सहन करने में सफल रहा है

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प

(d) कोई सही नहीं

30 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -यूरोपियन यूनियन और अमेरिका में कोयले की मांग में चीन की अपेक्षा वृध्दि हो रही है।

2 -चीन दुनिया में कोयले का सबसे बड़ा उपभोक्ता है।

3 -भारत, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कोयले की मांग बढ़ रही है।

4 -चीन, भारत, जापान, कोरिया और वियतनाम सबसे बड़ेकोयलाआयातक हैंजबकि इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया इसके सबसे बड़े निर्यातकों में शामिल हैं।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प

(d) चारो विकल्प

31 -निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1 -कृषि क्षेत्र को अल्पकालिक ऋण परिदान करने के संदर्भ में ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंक (DCCBs) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की तुलना में अधिक ऋण प्रदान करते हैं।

2 -DCCB का एक सबसे प्रमुख कार्य प्राथमिक कृषि साख समितियों को निधि उपलब्ध कराना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

लक्ष्य IAS
Keeping its promise of excellence

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

32 -निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1 -भारत निर्वाचन आयोग पाँच-सदस्यीय निकाय है।
2 -संघ का गृह मंत्रालय, आम चुनाव और उप-चुनावों दोनों के लिये चुनाव कार्यक्रम तय करता है।
3 -निर्वाचन आयोग मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दलों के विभाजन/विलय से संबंधित विवाद निपटाता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

33 -निम्न पर विचार करो -
1 -प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण पर पहला विश्व सम्मेलन योकोहामा, जापान में 1994 में आयोजित किया गया था।
2 - प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण पर दूसरा विश्व सम्मेलन 2005 में कोबे, ह्योगो, जापान में आयोजित किया गया था।
3 -प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण पर तीसरा विश्व सम्मेलन 2015 में सेंडाइ, मियागी, जापान में आयोजित किया गया था।
4 -सेंडाइ फ्रेमवर्क, आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए 2015 से 2030 तक का समझौता है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो विकल्प

34 -ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान (फ्रंटियर गांधी)के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -इन्हें मरणोपरान्त भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया।
2 -इन्होने अपनी आत्मकथा 'माई लाइफ़ एंड स्ट्रगल' नाम से लिखी थी।
3 -इन्होने देश के विभाजन का विरोध किया था।
4 -नेल्सन मंडेला की तरह इन्होने भी अपने जीवन के 27 साल जेल में बिताए थे।
5 -आजादी के बाद ये कभी भारत नहीं आए।
उपरोक्त में से सही है -
(a) 1 ,2 ,3 ,6
(b) 2 ,3 ,4
(c) 1 ,3 ,5
(d) उपरोक्त सभी

35 -भारत के स्पैडेक्स मिशन के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -इस मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष यानों को 'डॉक' और 'अनडॉक' करने के लिए आवश्यक तकनीक को विकसित करना है।
2 -इसे रॉकेट पीएसएलवी-सी60 के ज़रिए लॉन्च किया या है।
3 -स्पैडेक्स मिशन के तहत अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले दो उपग्रहों में एक चेज़र (एसडीएक्स01) और दूसरा टारगेट (एसडीएक्स02) होगा।

लक्ष्य IAS
Keeping its promise of excellence

4 -एक अंतरिक्ष यान से दूसरे अंतरिक्ष यान के जुड़ने को 'डॉकिंग' और अंतरिक्ष में जुड़े दो अंतरिक्ष यानों के अलग होने को 'अनडॉकिंग' कहते हैं।

5 -'इन-स्पेस डॉकिंग' टेक्नोलॉजी की आवश्यकता उस वक़्त होती है, जब एक कॉमन मिशन को अंजाम देने के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने की ज़रूरत होती है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल  एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d)  चारो सही है

36 -निम्न पर विचार करो -

1 -सूर्य अत्यधिक गर्म और आवेश युक्त कणों के गैस से बना हुआ है जिसे प्लाज़्मा कहते हैं।

2 -ये प्लाज़्मा सूर्य के भूमध्य रेखा पर इसका एक चक्कर पृथ्वी के 25 दिनों में पूरा होता है जबकि ध्रुवों पर 36 पृथ्वी दिवस लगते हैं।

3 -सूर्य में अधिकतम तापमान उसके केंद्र में होता है जहां का तापमान 1.5 करोड़ डिग्री सेल्सियस होता है।

4 -नासा ने तीन मुख्य मिशन भेजे हैं- सोहो (सोलर एंड हेलियोस्फ़ेरिक ऑब्जर्वेटरी), पार्कर सोलर प्रोब और आइरिस (इंटरफ़ेस रिजन इमेजिंग स्पेक्ट्रोग्राफ़)।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल  एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d)  चारो सही है

लक्ष्य IAS

37 -निम्न पर विचार करो -

1 -दुनिया का सबसे बड़ा हिमखंड ए23ए (A23a) 35-साल पहले अंटार्कटिका के तट से टूटकर अलग हो गया था।

2 -ग्रीनलैंड बर्फ़ीले इलाक़े का हिस्सा था जो हिमयुग के दौरान अमेरिका और यूरोप में फैला हुआ था लेकिन अब वो पिघल कर सिकुड़ गया है।

3 -अंटार्कटिका की आइस शीट भी हज़ारों साल पुरानी है. लेकिन यह पत्थर पर बिछी है जिसकी वजह से यह ग्रीनलैंड शीट के मुकाबले आसानी से बरकरार रही है और बढ़ती गर्मी का इस पर उतना ज़्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है।

4 - हिमखंडों का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा पानी की सतह के नीचे तैरता है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

38 - **प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना** के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 - वर्ष 2018 में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना, जिसका उद्देश्य "ऑपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति)" से प्रेरित होकर विकारीय फसलों की कीमतों को स्थिर करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।

2 -वित्त आयोग ने 22-विकारीय फसलों को शामिल किया है।

3 -ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के तहत उत्पादन क्लस्टरों और कृषक उत्पादक संगठनों (FPO) को सहायता प्रदान कर किसानों की मूल्य प्राप्ति में वृद्धि करना है।

4 -ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के तहत उत्पादन क्लस्टरों को बाज़ार से जोड़कर खाद्य प्रसंस्करण और

मूल्य संवर्द्धन को बढ़ावा देना है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल  एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

39 -कफाला प्रणाली के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -'कफ़ाला' प्रणाली एक कानूनी ढाँचा है जो विदेशी श्रमिकों और उनके स्थानीय प्रायोजक के बीच संबंधों को परिभाषित करती है।
2 -यह व्यवस्था नियोक्ताओं को अपने कामगारों पर असीमित अधिकार देती है जिससे शोषण और अमानवीय व्यवहार को बढ़ावा मिलता है।
3 -इस व्यवस्था का उपयोग सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत और ओमान में विदेशी श्रमिकों के लिए किया जाता है।
4 -जॉर्डन, लेबनान और इराक इस प्रणाली का पालन नहीं करते हैं।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल  एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

40 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -क़तर, विवादित कफ़ाला प्रथा (प्रायोजित भर्ती) को 2020 में ख़त्म करने वाला अरब का पहला और कुवैत के बाद पूरे देश में एक समान न्यूनतम वेतन लागू करने वाला दूसरा देश बना है।
2 -अब क़तर ने क़ानून बनाकर उन कर्मचारियों को नौकरी बदलने की इजाज़त दी जो अपना कॉन्ट्रैक्ट पूरा कर चुके हैं और जो कंपनियां कर्मचारियों के पासपोर्ट ज़ब्त करती हैं, उन पर जुर्माने के भी प्रावधान किए गए।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल  1
(b) केवल  2
(c)  दोनों सही
(d)  दोनों गलत

41 -सौर ऊर्जा के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -देश की कुल सौर क्षमता लगभग 7,48,990 मेगावाट है लेकिन अब तक केवल 90,760 मेगावाट क्षमता ही स्थापित की जा सकी है।
2 -सौर ऊर्जा से 2030 तक 2,92,000 मेगावाट का लक्ष्य निर्धारित किया है।
3 -2024-25 में प्रारम्भ "पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना" के तहत  2026-27 तक 1 करोड़ घरों की छतों पर सोलर सिस्टम्स लगाने का लक्ष्य रखा गया है।
4 -2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 500 गीगावाटविद्युत स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल  एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

42 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -न्यूनतम समर्थन मूल्य सी-2 लागत के आधार तय किया जाता है।

2 -न्यूनतम समर्थन मूल्य की सिफ़ारिश केंद्रीय कृषि मूल्य और लागत आयोग द्वारा की जाती है।

3 -इस समय 24-मुख्य फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाता है।

4 -न्यूनतम समर्थन मूल्य क़ानूनी रूप से बाध्यकारी है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प

(d) चारो सही है

43 -निम्न में से किस पेड़ में कार्बन कैप्चर करने और स्टोर करने की असाधारण क्षमता होती है।

(a) ट्यूलिप

(b) यूकेलिप्टस

(c) ओक

(d) बर्च

44 -मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1 -यह RBI की बेंचमार्क ब्याज दरों को तय करती है।

2 -यह RBI के गवर्नर सहित 12-सदस्यीय निकाय है जिसका प्रतिवर्ष पुनर्गठन किया जाता है।

3 -यह केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) केवल 2 और 3

45 -महिलाओं को 'डायरेक्ट कैश ट्रांसफर' के तहत निम्न में से कौन सी योजना सही सुमेलित नहीं है -

| | |
|---|---|
| 1 -'लक्ष्मीर भंडार' योजना | पश्चिम बंगाल |
| 2 -'सुभद्रा योजना' | त्रिपुरा |
| 3 -'महतारी वंदना योजना' | छत्तीसगढ़ |
| 4 -'नमो श्री' योजना | गुजरात |
| 5 -'गृह-लक्ष्मी' योजना | कर्नाटक |
| 6 -'लाडकी बहिण' योजना | महाराष्ट्र |

46 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -अमेरिकी एच-1बी वीजा की शुरुआत 1990 में हुई थी. ये कुशल कर्मचारियों को दिया जाता है।

2 - शुरुआत में ये तीन साल के लिए दिया जाता है लेकिन इसकी अवधि छह साल तक बढ़ाई जा सकती है।

3 - एच-1बी वीज़ा के लिए तभी आवेदन  तभी आवेदन किया जा सकता है, जब उनके पास अमेरिका स्थित स्पॉन्सर कंपनियों या दूसरे संस्थानों से नौकरी के ऑफर हों।

4 -एच-1बी वीजा पाने वाले लोगों में सबसे ज्यादा लोग चीन से  हैं

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल  एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प

(d) चारो सही है

47 -निम्न पर विचार करो -

1- पर्वतीय इलाकों में बादल फटने की घटना अधिक होती है।

2 -पर्वतीय ढलानों से जब बादल टकराते है तो ऊपर उठाने के क्रम में बादल अपेक्षाकृत ठंडी हवाओं के सम्पर्क में आने से संघनित हो जाते हैं।

3 -बादल फटने जैसी अतिवृष्टि घटनाओं का सही -सही पता लगाने के लिए डॉप्लर रेडार का प्रयोग किया जाता है।

4 -बादल फटने की घटना में कम-से-कम 10 मिलीमीटर या उससे अधिक वर्षा होती है।

5 -भारत में पहला डॉप्लर वेदर रडार चेन्नई में 2005 में लगाया गया था जबकि 2021 में मुक्तेश्वर में स्थापित किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1,3 ,5
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) उपरोक्त सभी

48 -निम्न पर विचार करो -

1 -ई-रुपी (eRUPI) एक डिज़िटल भुगतान प्रणाली है जो 'एन्ड टू एन्ड एन्क्रिप्टेड' है।

2 -इसे नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया (एनपीसीआई) ने विकसित किया है।

3 -जिसे वर्तमान में लक्ष्मी नाम दिया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 3

लक्ष्य IAS
Keeping its promise of excellence